Rocket Launchers	150
Machine guns	135
AK Series Rifles	1926
Pistols	710
Guns	34
Rockets	366
Grenades/Bombs	4677/571
Mines	643
Explosives	643
Ammunition rounds	3,91,802
W/T sets.	66

(e) Sustained pressureis being maintained on the militants, a close watch is being kept on the possible infiltration routes, and related security measures have been tightened.

आठवीं अनुसूची में भोजपुरी और मैथली भाषा को शामिल किया जाना

1155. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भोजपुरी और मैथली भाषाओं को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) विभिन्न भाषाओं (भोजपुरी और मैथली भाषा सहित) की मांगों की सरकार द्वारा जांच की जा रही है।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

मुम्बई में हुए विस्फोटों में विदेशी नागरिकों का हाथ

1156. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 12 मार्च, 1993 को मुम्बई में हुई घटना में किसी विदेशी नागरिक का हाथ था;

(ख) यदि हां, तो ऐसे लोगों की सूची और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस समय मुम्बई में रह रहे विदेशी नागरिकों की अनुमानित संख्या कितनी है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) और (ख) ऐसे साक्ष्य मौजूद हैं जिससे यह पता चलता है कि बम्बई में हुए बम-विस्फोट में विदेशी एजेन्सियों का हाथ है। जांच पड़ताल जारी है। इस संबंध में और अधिक सूचना का बताना जांच-पड़ताल करने और सुरक्षा आवश्यकताओं के हित में न होगा।

(ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

लाल चौक, श्रीनगर में हुई घटनाओं से प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजे की अदायगी

1157. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 9 या 10 अप्रैल, 1993 को कश्मीर के लाल चौक में भीषण अग्निकांड की घटना हुई थी ;

(ख) यदि हां, तो उसमें कितने मकान नष्ट हुए और प्रभावित व्यक्तियों को कितना मुवावजा दिया गया ; और

(ग) क्या आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए कोई जांच की गई थी, यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) से (ग) जी हां, श्रीमान्। दिनांक 10-4-93 को श्रीनगर के लाल चौक क्षेत्र में आतंकवादी हिंसा की एक घटना घटी जिसमें आगजनी के दौरान, वह इमारत जिसमें 200 दुकानें और 50 रिहायशी परिसर थे, क्षतिग्रस्त हो गई। राज्य सरकार ने डिवीजनल कमीश्नर द्वारा जांच कराने के आदेश दिए हैं, जिसमें घटना के तथ्यों और उसके कारणों का पता लगाया जाएगा। इस घटना में सम्पत्ति को पहुंचे नुकसान का आकलन करने के आदेश दे दिए गए हैं। सम्पत्ति को पहुंचे नुकसान का